पत्रांक 7117 दि० 20/11/2025

दिनांक 16.10.2025 को निदेशक भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार पटना की अध्यक्षता में नोडल पदाधिकारी, विशेषज्ञ सलाहकार, कर्मियों एवं हवाई सर्वेक्षण की उपस्थिति में राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के प्रगति की समीक्षा की गई।

---

उपस्थिति :– यथा संधारित ।

1. जिला बन्दोबस्त कार्यालय में हवाई सर्वेक्षण एजेन्सियों को कार्यालय स्थापित एवं कार्यालय में उपलब्ध कर्मियों के संबंध में स्पष्ट निदेश दिया गया कि सभी बन्दोबस्त कार्यालय में हवाई सर्वेक्षण एजेन्सियों का कार्यालय होना चाहिए एवं कर्मियों की संख्या भी अधिकतम होनी चाहिए ताकि, विशेष सर्वेक्षण कर्मियों से कार्य लिया जा सके। यदि विशेष सर्वेक्षण कर्मी को कार्य नहीं दिया जाता है तो उनका पारिश्रमिक व्यय भी एजेन्सियों के होने वाले भुगतान से की जायेगी।

अनुपालन :– सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

2. जिलों में ETS मशीन एवं ETS मशीन को संचालित हेतु मानवबल उपलब्धता के संबंध में भी एजेन्सियों को निदेशित किया गया कि हर जिला में ETS मशीन संचालित हेतु मानवबल की संख्या बढ़ाई जाय।

अनुपालन :– सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

3. हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी द्वारा विशेष सर्वेक्षण हेतु प्रारंभिक मानचित्र की आपूर्ति की समीक्षा की गयी। सभी एजेन्सी द्वारा बताया गया कि जिलों के सभी राजस्व ग्रामों का प्रारंभिक मानचित्र तैयार कर ली गयी है परन्तु भू–नक्शा सॉफ्टवेयरों का संचालन सुचारू रूप से नहीं होने के कारण प्रारंभिक मानचित्रों को भू–नक्शा सॉफ्टवेयर पर अपलोड नहीं किया गया है। भू–नक्शा सॉफ्टवेयर SDC द्वारा ठीक होते ही सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया जाता है कि सभी एजेन्सी को प्रारंभिक मानचित्र भू–नक्शा पर अपलोड करायी जाए ताकि प्रारंभिक मानचित्र का डाटा भी HDD में प्राप्त कर कार्यालय में संधारित किया जाय।

अनुपालन :– सभी नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप/सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

4. विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत खानापुरी प्रक्रम हेतु जिलों को मानचित्र आपूर्ति की स्थिति के संबंध में एजेन्सी द्वारा बताया गया कि खानापुरी मानचित्र सभी को उपलब्ध करा दी गयी है तथा शेष खानापुरी मानचित्र लगभग एक हफ्ता के अन्दर उपलब्ध करा दी जायेगी। सभी नोडल पदाधिकारी का दायित्व है कि उक्त खानापुरी मानचित्र की जिला बन्दोबस्त पदाधिकारी को एजेन्सी के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें साथ ही उसका .Shp data भी कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालन :– सभी नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप/सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

5. विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अर्न्तगत प्रारूप प्रकाशित मानचित्रों को जिला में आपूर्ति के संबंध में एजेन्सी द्वारा बताया गया कि अधिकांश मानचित्र जिला को आपूर्ति कर दी गयी है शेष मानचित्रों को भी यथा शीघ्र जमा कर दिया जायेगा इस संबंध में जिलों के नोडल पदाधिकारी द्वारा शीघ्र मानचित्र जिला को उपलब्ध करायेंगे तथा उसका .Shp data भी कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।

अनुपालन :– सभी नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

6. विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत संचालित प्रथम चरण के जिलों ने प्रपत्र–20 में अधिकार–अभिलेख प्रकाशन हेतु जिलों को मानचित्र आपूर्ति की स्थिति के संबंध में सभी एजेन्सी द्वारा बताया गया कि सभी मानचित्रों जिला बन्दोबस्त कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है शेष मानचित्र एक हफ्ता के अन्दर उपलब्ध करा दी जायेगी तथा .Shp format में डाटा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगे।

अनुपालन :– सभी नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

7. भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में विशेष सर्वेक्षण के प्रक्रमवार मानचित्रों को अपलोड करने की स्थिति के संबंध में सभी नोडल पदाधिकारी को निदेशित किया गया कि सभी नोडल पदाधिकारी अपने–अपने जिलों के सभी राजस्व ग्रामों का प्रक्रमवार मानचित्रों के भू–नक्शा पर एजेन्सी द्वारा अपलोड किये गये मानचित्रों का प्रतिवेदन तैयार करना है तथा जिस–जिस राजस्व ग्राम का मानचित्र अपलोड नहीं हुआ है उसे एजेन्सी द्वारा यथाशीघ्र भू–नक्शा सॉफ्टवेयर के ठीक होते ही कराना सूनिश्चित करेंगे तथा एजेन्सी से प्रक्रमवार भू–नक्शा पर अपलोड किये गये मानचित्रों का प्रतिवेदन भी प्राप्त करेंगे।

अनुपालन :– सभी नोडल पदाधिकारी भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

8. प्रक्रमवार तैयार किये गये विशेष सर्वेक्षण के मानचित्रों की Soft Copy Data(.Shp) कार्यालय में उपलब्ध करायी गयी जिसे आई0 टी0 सेल, GIS Expert Consltant द्वारा जॉच के प्रतिवेदन के अनुसार एजेन्सी को पत्र के माध्यम से सूचित किया गया उसके अनुसार डाटा तैयार कर कार्यालय को अबतक उपलब्ध नहीं करायी गयी है जिस पर अद्योहस्ताक्षरी द्वारा खेद प्राप्त की गयी तथा सभी एजेन्सी को निदेशित किया गया कि प्रक्रमवार सभी सॉफ्टवेयर डाटा यथाशीघ्र कार्यालय को उपलब्ध करायी जाय तथा इससे संबंधित पत्र आई0टी0 सेल द्वारा तैयार कर उपस्थापित करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन :– विशेष सर्वेक्षण कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

9. बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा तैयार किये जा रहे प्रक्रमवार मानचित्र जिसपर बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा हस्ताक्षरयुक्त होता है उसे एजेन्सी द्वारा स्कैन कर Geo-tiff तैयार कर उपलब्ध कारने हेतु एजेन्सी को कहा गया उक्त के संबंध में एजेन्सी द्वारा बताया गया कि उक्त मानचित्र बन्दोबस्त कार्यालय में ही जमा हो जाता है जबकि विशेषज्ञ सलाहकार द्वारा बताया गया कि एजेन्सी द्वारा बगैर Geo-tiff निर्माण के मानचित्र तैयार करना संभव ही नहीं है तब एजेन्सी द्वारा बताया गया कि जो मेरे पास उपलब्ध है उसे दे दूँगा तथा अब से जो मानचित्र तैयार होगा उसका Geo-tiff भी कार्यालय को उपलब्ध करायेगें।

अनुपालन :– विशेषज्ञ सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

10. Compress ORI Image(.ecw) Format में उपलब्ध कराने के संबंध में ARAHAS एजेन्सी द्वारा बताया गया कि .ecw में ORI Image उपलब्ध करायी गयी है तथा शेष दोनों एजेन्सी द्वारा बताया गया कि उक्त Format में ORI Image उपलब्ध करा देगें। अद्योस्ताक्षरी द्वारा

निदेश दिया गया कि आई0टी0सेल से HDD प्राप्त कर ORI Image उक्त Format में यथाशीघ्र उपलब्ध करा दिया जाय।

अनुपालन :– विशेषज्ञ सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

इसके अतिरिक्त निदेशालय का पत्रांक–11016 दिनांक–13.10.2020 जिसमें एजेन्सी का दायित्व निर्धारित है कि प्रति सभी एजेन्सी को उपलब्ध कराते हुए निदेशित किया गया है कि उक्त पत्र के अनुसार अपना–अपना कार्य किया जाय तथा समय–समय पर निर्गत आदेश के आलोक में विशेष सर्वेक्षण का कार्य किया जाये।

अनुपालन :– सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

भू–नक्शा पर प्रक्रमवार अपलोड किये गये मानचित्रों का प्रतिवेदन श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिन्स कुमार, प्रोग्रामर द्वारा सभी जिलों के नोडल पदाधिकारी को उपलब्ध करायेगें।

अनुपालन :– विशेषज्ञ सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप / सभी हवाई सर्वेक्षण एजेन्सी।

अंत में सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

20/11

(जे0 प्रियदर्शिनी)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03 / भू0अ0नि0 (04) वि सर्वे0–10 / 2022...717... **पटना, दिनांकः**–...20/11/2025...

**प्रतिलिपिः**–हवाई सर्वेक्षण एजेंसी, ATPL, GISC, IIC को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/11
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03 / भू0अ0नि0 (04) वि सर्वे0–10 / 2022...717... **पटना, दिनांकः**–...20/11/2025...

**प्रतिलिपि** :– उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना / विशेष कार्य पदाधिकारी / अवर सचिव / प्रशाखा पदाधिकारी / निदेशालय में पदस्थापित संबंधित जिलों के नोडल पदाधिकारी / प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग / प्रभारी, आई0टी0 सेल / श्री कुणाल किशोर / श्री प्रिन्स कुमार, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

20/11
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03 / भू0अ0नि0 (04) वि सर्वे0–10 / 2022...717... **पटना, दिनांकः**–...20/11/2025...

C:\Users\Acer\Desktop\Ranvijay-2025\All\Proceeding 08-11-25.docx

**प्रतिलिपि** :– प्रोग्रामर, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

20/11

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** :–03/भू0अ0नि0 (04) वि सर्वे0–10/2022 7117 **पटना, दिनांकः**– 20/11/2025

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

20/11

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

C:\Users\Acer\Desktop\Ranvijay-2025\All\Proceeding 08-11-25.docx